समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# यूपी के स्कूलों मे पंढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के खाते मे भेजे जाएंगे रुपये, सीएम योगी का बड़ा ऐलान।

Publisher
Published on 14 Jul 2025



**सीएम योगी आदित्यनाथ का निर्देश—प्रत्येक छात्र के अभिभावक को ₹1,200 की सहायता राशि DBT के माध्यम से भेजी जाए, स्कूल चलो अभियान को बनाएं और प्रभावी।**

**लखनऊ, 14 जुलाई 2025:** उत्तर प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने एक बड़ी घोषणा की है। अब इन बच्चों के अभिभावकों के **बैकं खातों मे ₹1,200 की धनराशि DBT (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर)** के माध्यम से भेजी जाएगी, जिससे कि बच्चों को **यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्टेशनरी** और **पाठ्य सामग्री** की सुविधा समय पर उपलब्ध हो सके।

### कोई बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे : सीएम योगी

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने बेसिक शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि **6 से 14 वर्ष** के एक भी बच्चे को विद्यालय से बाहर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने विद्यालय **प्रबंधन समिति, ग्राम प्रधान** और **प्रधानाध्यापक** को यह जिम्मेदारी सौंपी है कि वे इसे सुनिश्चित करें।

"स्कूल चलो अभियान को प्रभावी रूप से लागू किया जाए ताकि हर बच्चा शिक्षा से जुड़ सके," — **सीएम योगी आदित्यनाथ**

### किन बातों पर दिया गया विशेष जोर ?

१. **प्रत्येक छात्र के अभिभावक के खाते मे ₹1,200 की सहायता राशि भेजी जाएगी**
२. **यह रकम DBT के माध्यम से पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ ट्रांसफर की जाएगी**
३. **जिन स्कूलों मे 50 से अधिक छात्र है, उन्हे स्वतंत्र रूप से संचालित किया जाएगा**

४. **रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति के निर्देश दिए गए है** ˙

५. **शिक्षक-छात्र अनुपात को आदर्श स्थिति मे लाने के निर्देश**

६. **स्कूल पेयरिंग सिस्टम लागू करने पर जोर जिससे संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके**

शिक्षा की गुणवत्ता सुधार की दिशा में पहल

**मुख्यमंत्री कार्यालय** द्वारा जारी बयान के अनुसार, **प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने** और **अधोसंरचना सुधारने** के लिए विशेष कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है।

**स्कूल चलो अभियान** को फिर से जागरूकता और निगरानी के साथ लागू किया जाएगा ताकि छात्रों की उपस्थिति **शत-प्रतिशत सुनिश्चित** की जा सके।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.